Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 03-08-2006

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

>

Title : Need for electrification and doubling of Kanpur Jhansi Railway Line.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : महोदय, उत्तर मध्य रेलवे के अन्तर्गत झांसी से कानपुर तक सिंगल रेलवे लाइन है। उस रेलवे लाइन की दूरी करीब 200 किलोमीटर है। इस 200 किलोमीटर के अन्तराल में गाड़ियां कम से छः-छः घण्टे का समय लेती हैं। पुपक एक्सप्रेस जैसी ट्रेन जो लखनऊ से बम्बई जाती है, वह कानपुर से झांसी के बीच में सात-सात घण्टे का समय लेती है। उरई से चलने वाले यात्री या तो कानपुर से या झांसी से रिजर्वेशन कराते हैं। जब वे इन ट्रेनों में बैठकर झांसी की ओर या कानपुर की ओर यात्रा करते हैं तो सिंगल लाइन होने की वजह से गाड़ियां इतनी लेट हो जाती हैं कि जिन गाड़ियों के लिए वे रिजर्वेशन कराते हैं, वे गाड़ियां उन्हें समय से नहीं मिल पाती cé[m91]।

उस आरक्षण का कोई फायदा नहीं होता और वह बेकार चला जाता है। मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से मांग है कि इस सिंगल लाइन को डबल लाइन किया जाए और साथ ही उसका विद्युतीकरण भी किया जाए। इससे उस क्षेत्र के लोग सही समय पर यात्रा कर सकेंगे।